# DAV NUPPL Public School

## NUPPL Township, Ghatampur, Kanpur Nagar, UP-209206

**Assignment: Half yearly** **Class : V**

**Subject: Hindi** **Session: 2024-25**

## अपठित गद्यांश

नदी के तट से लगा एक बहुत सुंदर गाँव है झरिया।चारों ओर लहलहाते खेत, मीठे और स्वादिष्ट फलों से लदे पेड़ इस गाँव की खुशहाली की दास्तान बयां करते हैं।प्रकृति का बड़ा ही सुंदर दृश्य यहां देखने को मिलता है।कचरू और उसकी पत्नी भी इसी गाँव में रहते हैं। दोनों बहुत मेहनती और ईमानदार हैं।बस कमी थी तो घर में एक संतान की।झरिया गाँव जहाँ अपनी सुंदरता के लिए दूर-दूर तक जाना जाता, उतना ही कचरू और उसकी पत्नी के बनाए जूतों के लिए भी प्रसिद्ध था।उनके बनाए जूते झरिया और आसपास के कई गाँवों के बच्चे पहनते थे।

आसपास जब भी कहीं मेला लगता, कचरू को उसमें अवश्य ही बुलाया जाता और उसके जूते पूरे मेले में आकर्षण का केंद्र होते।जो भी एक बार उनके बनाए जूते पहन लेता, वह हर बार उन्हीं जूतों की माँग करता।बच्चों की टोली इन रंग-बिरंगे जूतों को पहन कर खुशी से झूम उठती।कचरू और उसकी पत्नी इन बच्चों के चेहरे की खुशी देख कर अपने सारे गम भूल जाते और फिर से नई उमंग और ऊर्जा के साथ जूते बनाने में जुट जाते।

(一) किस गांव की बात की जा रही है?

(अ) कचरू (ब) झरिया

(स) मेले (द) जूते

(二) कचरू और उसकी पत्नी किसलिए प्रसिद्ध हैं?

(अ) मेहनती और ईमानदार होने के लिए

(ब) सुंदर जूते बनाने के लिए

(स) बच्चों को खुश करने के लिए

(द) उपरोक्त सभी

(三) किस कारण से कचरू और उसकी पत्नी मेले में बुलाए जाते थे?

(अ) बच्चों को पढ़ाने के लिए (ब) जूते बेचने के लिए

(स) बच्चों को खेलने के लिए (द) गाँव की सफाई के लिए

(四) कचरू और उसकी पत्नी का सबसे बड़ा गम क्या था?

(अ) खेतों का न होना (ब) जूतों की कमी

(स) संतान का न होना (द) गाँव की सुन्दरता

**कथन और कारण प्रश्न**

(五) कथन: झरिया गाँव अपनी सुंदरता और खुशहाली के लिए दूर-दूर तक जाना जाता है।

कारण: झरिया गाँव में हरे-भरे खेत और मीठे फलों से लदे पेड़ हैं।

(अ) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण कथन की सही व्याख्या है।

(ब) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं है।

(स) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।

(द) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

## अपठित गद्यांश 2

बरसात के दिन आनेवाले थे। एक चिड़िया अपने बच्चों के साथ आश्रय बनाने के लिये नदी किनारे गयी। वहाँ दो पेड़ थे। उसने एक पेड़ से कहा, "बरसात से बचने के लिये मैं और मेरे बच्चे तुम्हारी डाल पर अपना घोंसला बना लें?" पेड़ कभी किसी को भी आश्रय देने से मना नहीं करते किन्तु उस पेड़ ने बड़ी ही बेरुखी के साथ चिड़िया को इंकार कर दिया। चिड़िया फिर वहीं दूसरे पेड़ के पास गयी तो उस पेड़ ने चिड़िया को अपना आश्रय बनाने की अनुमति दे दी। बरसात के दिन आरम्भ हुए। एक दिन तेज बारिश आयी। उस वर्षा को पहला पेड़ झेल नहीं पाया और उखड़कर नदी में बह गया। पेड़ को बहता देखकर चिड़िया बोली, "ऐ पेड़, एक दिन मैं तुमसे आश्रय माँगने आयी थी परन्तु तुमने बड़ी ही बेरूखी से मना कर दिया था। तुम्हारी उसी बेरूखी की सजा आज भगवान् ने तुम्हें दी है जो तुम नदी में बहे जा रहे हो।" पेड़ ने बड़े ही शान्त भाव से उत्तर दिया, "मैं जानता था मेरी जड़ें कमजोर हैं, और इस बारिश में टिक नहीं पाऊँगा। मैं तुम्हारी और

बच्चों की जान खतरे में नहीं डालना चाहता था, इसलिये तुम्हें सख्ती से मना करना पड़ा। मना करने के लिए मुझे क्षमा कर दो," और ये कहते-कहते पेड़ बह गया। किसी के इंकार को हमेशा उनकी कठोरता न समझें। क्या पता उसके उसी इंकार से आपका भला हो। कौन किस परिस्थिति में है? शायद हम नहीं समझ पायें, इसलिए किसी के चरित्र और शैली को उनके वर्तमान व्यवहार से ना तौलें।

(一) चिड़िया अपने बच्चों के साथ कहाँ आश्रय बनाने गयी थी?

(अ) जंगल में (ब) नदी किनारे (स) पहाड़ पर (द) गांव में

(二) पहले पेड़ ने चिड़िया को क्या जवाब दिया?

(अ) हां, तुम यहाँ घोंसला बना सकती हो। (ब) नहीं, मैं तुम्हें आश्रय नहीं दे सकता।
(स) बाद में आना। (द) तुम्हें कहीं और जाना चाहिए।

(三) दूसरे पेड़ ने चिड़िया को क्या जवाब दिया?

(अ) हां, तुम यहाँ घोंसला बना सकती हो। (ब) नहीं, मैं तुम्हें आश्रय नहीं दे सकता।
(स) बाद में आना। (द) तुम्हें कहीं और जाना चाहिए।

(四) बरसात के दिनों में क्या हुआ?

(अ) पहले पेड़ ने बारिश झेल ली। (ब) पहले पेड़ उखड़कर नदी में बह गया।
(स) दोनों पेड़ सुरक्षित रहे। (द) चिड़िया और उसके बच्चे मर गए।

(五) पहले पेड़ ने चिड़िया को क्यों मना किया था?

(अ) उसे चिड़िया पसंद नहीं थी।
(ब) वह खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करता था।
(स) उसकी जड़ें कमजोर थीं और वह चिड़िया और उसके बच्चों की जान खतरे में नहीं डालना चाहता था।
(द) वह बारिश में खुद को नहीं सँभाल सकता था।

## पठित काव्यांश

1. नीचे दी गयी कविता पढकर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए

भरी धूप में
पत्तों की थाली से
खाना खाएँगे।
फिर खेलेंगे
चिड़ियों के संग
तोंतों से
चोंच लड़ाएँगे।
पीठ खुजाएगी गड़या
बच्चे छाँव में खेलेंगे।
धीरे-धीरे धूप ढलेगी
शाम सजेगी
पंछी घर को लौटेंगे
सुख-दुख के किस्से
बतियाकर
लंबी चादर तानेंगे।

(一) भरी धूप में बच्चे किसकी थाली से खाना खाएँगे?

(अ) पत्थर की (ब) कागज की (स) पत्तों की (द) प्लास्टिक की

(二) बच्चे किसके साथ खेलेंगे?

(अ) तितलियों के संग(ब) चिड़ियों के संग
(स) गिलहरियों के संग (द) कुत्तों के संग

(三) तोंतों से बच्चे क्या लड़ाएँगे?

(अ) पैर (ब) हाथ (स) चोंच (द) सिर

(四) बच्चे कहाँ खेलेंगे?

(अ) धूप में (ब) पानी में (स) छाँव में (द) घर के अंदर

(五)  शाम के समय क्या होगा?

(अ) पंछी घर को लौटेंगे   (ब) बच्चे सो जाएंगे

(स) तारे गिरेंगे   (द)चाँद गायब होगा

## पाठ 6 'नदी यहाँ पर' (BHASHA MADHURI /BHASHA ABHYAS)

1. नदी चलते-चलते कैसे-कैसे आकार बदलती है?
2. दीये सी जगर –मगर कौन चलता रहेगा ?
3. नदी कब तेज और कब धीमी हो जाती है?
4. नदी सागर कब बन जाती है?
5. करारों में कौन छिप जाता है?
6. नदी हमारे लिए क्या-क्या कार्य करती है?
7. भारत की कुछ नदियों के नाम लिखिए
8. कविता में नदी की क्या विशेषताएँ बताई गई हैं?
9. नदी दूषित होने के कोई चार कारण बताइए
10. नदी अपने पानी को क्या करती है?
11. नदी की चाल कहाँ धीमी हो जाती है?

    (अ) सागर में   (ब) पर्वत पर  (स) मैदानी भागों में   (द) ऊँचाई पर
12. पर्वत पर नदी की गति तेज़ कैसे हो जाती है?

    (一) जब नदी सुस्त नहीं चुस्त होती है   (ख) जब नदी ऊपर की ओर आती है

    (ग) जब नदी सागर में मिलना चाहती है   (घ) जब नदी रुक जाती है
13. इनमें से कौन 'पर्वत' का पर्याय है?

    (क) पहाड़   (ख) आकाश   (ग) भूमि   (घ) गंगा
14. नदी कहाँ से होती हुई सागर में मिल जाती है?

    (क) पर्वतों   (ख) मैदानों   (ग) पर्वतों और मैदानों   (घ) उपर्युक्त तीनों
15. कौन दिन-रात चलती रहती है?

    (क) नदी   (ख) चाँद   (ग) आकाश   (घ) फूल
16. 'जन्म' का विलोम शब्द क्या है?

    (क) जीवन   (ख) गगन   (ग) मृत्यु   (घ) चन्द्र
17. नीचे दिए गये शब्दों में 'र' के उचित रूप का प्रयोग करते हुए शुद्ध शब्द लिखिए -

    सिरफ़..........   टर्क.........

    परकाश...........   गारमीण.........
18. नीचे दिए गये शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

    नदी..........   ...............   पर्वत...........   .............

    पानी...........   .............   रात............   ...............

    सागर.............   .................
19. नीचे दिए गये शब्दों के विलोम शब्द लिखिए –

    अशांति, बुरा, स्वदेश, नीचे, टेढ़ी
20. नीचे दिए गये मुहावरों का अर्थ बताते हुए वाक्य प्रयोग कीजिये –

    आँखे फटी रह जाना, करारा जवाब देना, नाम डुबोना
21. नीचे दिए गए शब्दों से दो- दो वाक्य लिखिए -

    धीमी-धीमी, कहीं-कहीं

## पाठ 8. 'टपके का डर' (BHASHA MADHURI /BHASHA ABHYAS)

1. दादी पोते को कौन सी कहानियाँ सुनाती थीं ?
2. कुम्हार गधे की तलाश में किसके पास आया?
3. कुम्हार ने तिनके पत्तों की आवाज सुनकर किसे दो डंडे जड़ दिए और क्यों?
4. कुम्हार का प्यारा गधा किस कारण से खो गया था?
5. आँधी-पानी के डर से बुढ़िया के घर में कौन छिपा था?
6. बुढ़िया की बात सुनकर शेर क्या सोचने लगा?

7. कुम्हार क्या ढूँढने निकला था?
8. कुम्हार पंडितजी के घर क्यों गया?
9. पंडितजी ने गुस्से में क्या कहा?
10. कुम्हार को कैसे पता चला कि उसका गधा इसी झोंपड़ी में है?
11.कुम्हार ने जब शेर को डंडे से मारा तो शेर क्या सोचने लगा?
12. शेर टपके से क्यों डर रहा था? क्या टपका किसी शेर से भी ज्यादा शक्तिशाली जीव था?
13. नीचे दिए गये वाक्यों में सही विराम चिह्न लगाइए -

(क) तुम कहाँ जा रहे हो? (ख) ताईजी बोली आलू तो एकदम मीठे हैं

(ग) हाय अब क्या होगा

14. वर्तमान काल एवं भूतकाल पर पाँच- पाँच वाक्य बनाइए
15. नीचे दिए गये जातिवाचक संज्ञाओं के दो – दो व्यक्तिवाचक रूप लिखिए -

जानवर : 1...... 2.........

महिला : 1........ 2........

पाठ 9. अजंता की सैर (**BHASHA MADHURI /BHASHA ABHYAS)**

1. अजंता की गुफाएं किसने और क्यों बनवाई ?
2. अजंता के चित्रों में नजर आने वाले रंग इतने दिनों तक कैसे टिक पाए ?
3. अपनी किसी की गयी यात्रा को अपने शब्दों में लिखिए
4. चित्रकारों को अपने आस-पास के जीवन को चित्रित करना क्यों पसंद था?
5. अजंता के चित्रों से उस समय के लोगों के रहन-सहन और पहनावे के बारे में क्या पता चलता है?
6. अजंता के चित्रों में किस प्रकार की आँखों को सुंदर माना जाता था?
7. अजंता के चित्रों में लाल रंग किस खनिज से बनाया गया था?
8. अजंता के चित्रों में नीले रंग के लिए किस पत्थर का उपयोग किया गया था और वह कहाँ से मँगवाया गया था?
9. अजंता के चित्रों में हरे रंग के लिए किस पत्थर का प्रयोग किया गया था और वह कहाँ मिलता था?
10. पौधों से बनने वाले रंगों का क्या दोष था?
11.अजंता के चित्रों को कितने प्रकार के कलाकार मिलकर बनाते थे?
12. चित्रों में रंग भरने का काम कौन करता था?
13. अजंता के चित्र किसकी मिली-जुली प्रतिभा का उत्कृष्ट नमूना हैं?
14. सही कारक चिह्न का प्रयोग कीजिये –

(क) अजंता .......गुफाएँ सुन्दर हैं

(ख) माँ ....... रोहित ...... बुलाया

(ग) रोहित दीदी ......... चाय लाया

15. उपसर्ग व प्रत्यय लगाकर नया शब्द लिखिए –

चित्र, जय, कला, यश

16. उचित जगह अनुस्वार या अनुनासिक लगाकर शब्द पुनः लिखिए –अजता, आकृतिया, टाग, दिखाए
17. सही विशेषण विशेष्य मिलान करिए –

| **विशेषण** | **विशेष्य** |
|---|---|
| हरा | चूहा |
| पीला | पेड़ |
| भूरा | फूल |
| लम्बा | आदमी |

**पत्र**

1.अपनी किसी रोचक यात्रा के बारे में बताते हुए नानीजी को 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए
2.छुट्टी के लिए अपने प्रधानाचार्या को एक पत्र लिखिए

**अनुच्छेद**

नीचे दिए गये अनुच्छेद को 100 शब्द लिखिए:-

(一) मेरा गाँव (ख)गंगा नदी